पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले राज्य निर्वाचन आयुक्त
राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने भी भेंट की

लखनऊः 10 सितम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में श्री मनोज कुमार राज्य निर्वाचन आयुक्त ने भेंट की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राज्यपाल से समान मतदाता सूची के बारे में भी विचार-विमर्श किया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री राम नाईक ने प्रधानमंत्री एवं निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा था कि लोक सभा, विधान सभा एवं स्थानीय निकायों में पृथक-पृथक मतदाता सूचियाँ तैयार की जाती हैं, जिनमें केन्द्र एवं राज्य सरकार का पर्याप्त धन, समय व संसाधन अपव्यय होता है। पृथक-पृथक मतदाता सूची में बहुत से मतदाताओं का नाम विलुप्त होने से वह मताधिकार से वंचित रह जाता है और मतदाता सूचियों की विशुद्धता पर प्रश्न चिन्ह उठते हैं। इससे मतदान प्रतिशत में भी कमी आती है तथा निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं।

राज्यपाल से आज राजभवन में डाॅ0 एस0के0 श्रीवास्तव राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश ने भी शिष्टाचारिक भेंट की।

अंजुम/ललित/राजभवन (354/20)